प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हरोली के पोलियां बीत में रखी बल्क ड्रग पार्क साइट विकास व आधारभूत संरचना कार्यों की आधारशिला।

- बल्क ड्रग पार्क से एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंटस के निर्माण में देश वैश्विक स्तर पर बनेगा प्रतिस्पर्धी।

- राज्य चुनाव आयोग ने कहा–पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान आई शिकायतों का निपटारा होगा छह माह के भीतर।

- किन्नौर जिले में आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर वृद्धजनों के लिए साबित हो रहे लाभप्रद।

बल्क ड्रग पार्क

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल ऊना जिला के हरोली उपमंडल के पोलियां बीत में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना के अंतर्गत 250 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले साइट विकास व आधारभूत संरचना कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने पंजुआना में 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले कामकाजी महिला छात्रावास की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना है। उन्होंने अधिकारियों को इसके कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर सृजित होंग। उन्होंने कहा कि दो हजार करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहा ये औद्योगिक परिसर देश के फार्मा क्षेत्र को नई मजबूती देगा। यह परियोजना एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंट्स के निर्माण में भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी तथा दवाइयों के कच्चे माल के लिए बाहरी देशों पर

निर्भरता कम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को स्वयं संचालित करने का निर्णय लिया है।

केंद्र और राज्य सरकार इस योजना में एक–एक हजार करोड़ रुपये का समान निवेश कर साझेदारी के आधार पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक रूप से उत्पादित फसलों पर देश में सबसे अधिक 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' प्रदान कर रही है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा कि हरोली क्षेत्र को औद्योगिक मानचित्र पर वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि ये परियोजना हिमाचल प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में मील का पत्थर सिद्ध होगी तथा प्रदेश को रोजगार, निवेश और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान करेगी।

## हरोली उत्सव

बैसाखी के उल्लास और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के दूसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में आज पंजाबी स्टार गायक जी खान और प्रभ गिल उत्सव में अपने गानों से धमाल मचाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इससे पहले कल मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सोमभद्रा नदी तट स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर की पावन ज्योति की पूजा–अर्चना कर आयोजन की शुरुआत की। पूरे क्षेत्र में आस्था और उत्साह का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी उनके साथ मौजूद रहे।

## राज्य चुनाव आयोग

राज्य चुनाव आयोग ने कहा है कि पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान आने वाली शिकायतों के निपटारे के लिए अब अधिकतम 6 माह की समय सीमा तय की गई है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इससे पहले कई मामलों में फैसले आने में दो से चार वर्ष लग जाते थे। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनावों में आरक्षण लागू होने के बावजूद उम्मीदवारों के लिए विकल्प खुले रहेंगें पंचायत समिति चुनाव के लिए उम्मीदार को संबंधित ब्लॉक का मतदाता होना जरूरी है। जबकि जिला परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार पूरे जिले में कहीं भी

वोटर हो सकता है। यदि किसी सीट पर आरक्षण लागू हो जाता है तो उम्मीदवार दूसरी अनारक्षित सीट से चुनाव लड़ सकता है। यह नियम ग्राम पंचायत प्रधान के चुनाव पर लागू नहीं होता।

## मुख्यमंत्री–कुल्लू प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खु आज कुल्लू के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे पहले मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के घर जाएंगे तथा शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई का बीते दिनों निधन हो गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री कुल्लू क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के घर जाएंगे तथा शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता का बीते दिनों निधन हो गया था।

## एन.एच.ए.आई.– फास्टैग

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क केंद्रों पर सभी उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान कल से केवल फास्टैग या यू.पी.आई. के माध्यम से किया जा रहा है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया के कारण वर्तमान में लागू आचार संहिता को देखते हुए तमिलनाडु, केरलम, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों के साथ–साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव लागू नहीं किया गया है।

## अवकाश

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर 14 अप्रैल को देश के सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अवकाश रहेगा। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी किए है।

## किन्नौर–आयुष विभाग

जनजातीय जिला किन्नौर में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों आयोजित कर नाड़ी परीक्षण, आयुर्वेदिक उपचार और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का विशेष उपचार किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ठंडे और शुष्क क्षेत्रों में रहने वाले वृद्धजनों के लिए भी ये शिविर लाभप्रद साबित हो रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिले में 197 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार सड़कों के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। विक्रमादित्य सिंह कल शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत भराड़ा पंचायत में अप्पर जैशीधार सम्पर्क सड़क के शिलान्यास के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सलापड़–तत्तापानी सड़क के निर्माण पर सरकार 2 सौ करोड़ रूपये खर्च कर रही है जबकि सुन्नी–लुहरी सड़क को 70 करोड़ रूपये की लागत से चौड़ा किया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लुहरी–सुन्नी निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजना के प्रभावितों के हित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि विस्थापित सभी 43 परिवारों को परियोजना के आस–पास ही उचित स्थान पर बसाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**सरकार भाजपा के दबाव में पीछे नहीं हटेगी, ओ.पीएस. नहीं होगी रिव्यू**। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– **बल्क ड्रग पार्क को 2 सौ 50 करोड़–मुख्यमंत्री सुक्खू ने ऊना के हरोली में किया दूसरे चरण का शिलान्यास।**

अमर उजाला का शीर्षक है– **हजारों मेधावी पसोपेश में, लैपटॉप–टैबलेट के बढ़े दाम, ई–वाउचर भी नहीं हो रहे रिडीम–पश्चिमी एशिया में छिड़े युद्ध का असर, पोर्टल पर चयनित कंपनियों ने खड़े किए हाथ।**

**एस.जे.वी.एन के 2 प्रोजेक्टों की बिजली बेचेगी हिमाचल सरकार** शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– सरकारी हिस्से की बिजली बेचने को सरकार ने निकाला टेंडर।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**ओलो से सात दिन में बागवानी को 20 करोड़ रूपये से ज्यादा का नुकसान, 6 जिलों में 9 हजार से ज्यादा किसान बागवान प्रभावित।**

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हरोली के पोलियां बीत में रखी बल्क ड्रग पार्क साइट विकास व आधारभूत संरचना कार्यों की आधारशिला।

- बल्क ड्रग पार्क से एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंटस के निर्माण में देश वैश्विक स्तर पर बनेगा प्रतिस्पर्धी।

- राज्य चुनाव आयोग ने कहा–पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान आई शिकायतों का निपटारा होगा छह माह के भीतर।

- किन्नौर जिले में आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर वृद्धजनों के लिए साबित हो रहे लाभप्रद।

........................